हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 30 मार्च, 2017/ 9 चैत्र, 1939 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 7

बन्दरों से निजात

1713 **श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :
श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :
श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने 26.08.2016 को सदन में प्रदेश के किसानों एवं बागवानों को बन्दरों, आवारा पशुओं व जंगली जानवरों से उत्पन्न गम्भीर समस्या बारे DPR बनाने का निर्णय लिया था;

(ख) यदि हां, तो इस पर क्या कार्रवाई की गई;

(ग) यह भी सत्य है कि बन्दरों को मारने/पकड़ने की अनुमति भारत सरकार से प्राप्त हुई थी; यदि हां, तो आज तक कितने बन्दर पकड़े/मारे गए; ब्यौरा दें;

(घ) गत तीन वर्षों में बन्दरों को पकड़ने/मारने वालों को कितनी धनराशि दी गई; ब्यौरा नाम पते सहित दें; और

(ङ) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश में बन्दरों की संख्या कितनी है और गत तीन वर्षों में कितने बन्दरों की नसबन्दी की गई; ब्यौरा जिलाशः दें ?

पौधरोपण

1714 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत चार वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में वन विभाग ने कहां-कहां पौधरोपण किया; कौन-कौन सी प्रजाति के पौधे लगाए गए; और

(ख) यह पौधे कहां से लाए गए, इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा पंचायतों का वर्षवार दें?

पेड़ों का कटान

1715 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नगाली में वन विभाग द्वारा मुख्य मार्ग से धार गांव हेतु सड़क का निर्माण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई और कितने वृक्ष काटे गए; ब्यौरा दें; और

(ग) विभाग द्वारा क्या वृक्ष काटने की अनुमति ली गई थी?

महिला मण्डल के विरूद्ध कार्रवाई

1716 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अलेऊ और थान महिला मण्डलों के मध्य कोई विवाद उप-मण्डलाधिकारी (SDM) मनाली के पास निर्णयाधीन था;

(ख) यदि हां, तो इस सन्दर्भ में क्या कार्रवाई की गई; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) वर्तमान में इस विवाद की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

आर्थिक सहायता

1717 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत चार वर्षों में सरकार द्वारा शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर कितने व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इसकी क्या औपचारिकताएं एवं नियम हैं; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) वर्तमान में कितने मामले लम्बित हैं; इनको कब तक आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी; ब्यौरा दें?

योजनाओं पर व्यय

1718 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत चार वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा योजनावार दें?

रख-रखाव पर व्यय

1719 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत तीन वर्ष में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में कुल्लू वृत्त के विभिन्न मण्डलों के अन्तर्गत मरम्मत/रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा वर्षशः एवं उप-मण्डलवार दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 14 मार्च, 2017. **सचिव।**